nt>

Title: Need to set up a new sugar mill in Khurja Parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री अशोक प्रधान (खुर्जा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र खुर्जा के अंतर्गत जहांगीरपुर चीनी मिल का निर्माण कार्य पिछले काफी दिनों से रुका हुआ है, जिस कारण स्थानीय गन्ना कृषकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनके द्वारा आये दिन इस चीनी मिल के निर्माण कार्य को पूरा कराये जाने एवं इसको अविलम्ब चालू किए जाने के बारे में आंदोलन एवं धरने इत्यादि दिये जा रहे हैं। मैंने उनकी इस मांग को विगत लोक सभा के दौरान कई बार सदन के समक्ष प्रस्तुत किया है, किंतु अभी तक इस संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है, जिस कारण स्थानीय कृषकों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

इस विषय में मैं यह बात भी सरकार के समक्ष लाना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र खुर्जा के अंतर्गत एक भी चीनी मिल कार्यरत नहीं है और यहां पर गन्ने का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है।

ऐसी स्थिति में मेरा सरकार से पुनः अनुरोध है कि जहांगीरपुर चीनी मिल का निर्माण कार्य अविलम्ब पूरा करवाकर इसको तुरंत चालू करवाया जाये तथा इस क्षेत्र में गन्ने की उत्पादकता को दृष्टिकोण में रखते हुए यहां पर एक और चीनी मिल की स्थापना किये जाने की अनुमित प्रदान की जाए।